**One-Day Seminar on “Drug and Road Safety Awreness: Empowering Youth for a Healthy Future”**

**17-09-2024**

A one-day seminar on "Empowering Youth for a Healthy Future" focused on drug and road safety awareness was organized following the directive of the Directorate of Higher Education. This seminar was jointly coordinated by the Anti-Drug Awareness Cell, Tobacco Control Cell, and Road Safety Club. The seminar was chaired by Principal Dr. Rishipal, with Dr. Mukesh Chahal, coordinator of the Anti-Drug and Tobacco Control Cell, and Dr. Prerna, coordinator of the Road Safety Club, leading the event. The seminar aimed to educate the youth on the dangers of drug abuse and the importance of road safety. The main speaker was Dr. Rajesh Saini, Principal of Kapilmuni Girls College, Kalayat.




## सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए हमें अपनी जिम्मेदारी समझनी होगी : डॉ. ऋषिपाल

**इस सेमिनार का उद्देश्य युवाओं को नशीली दवाओं के खतरों और सड़क सुरक्षा के बारे में जागरूक करना**

जोगिन्द्र सिंह.चंडीगढ़ दिनभर



**निसिंग :** बाबू अनन्त राम जनता महाविद्यालय कौल कैथल में उच्च शिक्षा निदेशालय के निर्देशानुसार, नशा मुक्ति जागरूकता सेल, तंबाकू नियंत्रण सेल और रोड सेफ्टी क्लब के संयुक्त तत्त्वावधान में नशीली दवाओं और सड़क सुरक्षा जागरूकता 'एक स्वस्थ भविष्य के लिए युवाओं को सशक्त बनाना' विषय पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. ऋषिपाल, प्राचार्य बाबू अनंत राम जनता कॉलेज ने की, जबकि संयोजिका डॉ.मुकेश चहल,नशा मुक्ति जागरूकता सेल, तंबाकू नियंत्रण सेल और डॉ. प्रेरणा, संयोजिका, रोड सेफ्टी क्लब रहीं । इस सेमिनार का उद्देश्य युवाओं को नशीली दवाओं के खतरों और सड़क सुरक्षा के महत्व के बारे में जागरूक करना है। इस एक दिवसीय सेमिनार में मुख्य वक्ता डॉ. राजेश सैनी, प्रिंसिपल, कपिलमुनि गर्ल्स कॉलेज, कलायत रहे। मुख्य अतिथि के द्वारा सभागार में पहुंचने पर दीप प्रबोधन एवं सरस्वती वन्दना से कार्यक्रम का शुभारम्भ हुआ।मुख्य वक्ता डॉ. राजेश सैनी,ने छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा की नशा समाज के लिए बहुत ही घातक है। हमें इससे बचने के लिए भरसक प्रयास करने चाहिए। इसके लिए हमें स्वयं प्रयास करने होंगे।

उन्होंने कहा कि यदि आपके आसपास कोई नशा बेचते हुए अथवा किसी भी प्रकार का नशा करते हुए मिले तो उसकी सूचना तुरंत पुलिस को दें ताकि उनके खिलाफ कार्यवाही की जा सके और नशे से पीड़ित व्यक्ति का समुचित इलाज करवाया जा सके।उन्होंने अपने वक्तव्य में विद्यार्थियों को नशे से दूर रहने के लिए प्रेरित करते हुए कहा की नशा न केवल नशा करने वाले व्यक्ति को अपितु उसके समस्त परिवार को प्रभावित करता है। यह समाज के लिए एक नासूर की तरह है। अतः हमें नशे से दूर रहने के लिए हर संभव प्रयास करने चाहिए। वक्ता ने कहा कि नशीली दवाओं का सेवन सड़क दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण है। उन्होंने कहा कि नशीली दवाओं से दूर रहने और सड़क सुरक्षा के लिए जागरूक रहने की आवश्यकता है। नशीली दवाओं का सेवन हमारी सोच और व्यवहार को प्रभावित करता है।